तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

जल क्रीड़ा में चमकेगा बस्तर, कयाकिंग कैनोइंग में अब भविष्य तलाश रहे युवा 10

बस स्टैंड में चला स्वच्छता अभियान, पूर्व सैनिकों और युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी 10


## खबर संक्षेप

### विद्युत अधिकारी, कर्मचारी संघ का आंदोलन आज से

**जगदलपुर।** राज्य विद्युत मण्डल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव राजेश बंजारा ने बताया कि मौलिक और संवैधानिक अधिकारों का निरंतर उल्लंघन एवं विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर क्रमबद्ध आंदोलन 13 अप्रैल से किया जाएगा। इसमें सोमवार को जगदलपुर क्षेत्रीय कार्यालय में गेट मिटिंग के साथ सामूहिक इस्तीफा के साथ ज्ञापन दिया जाएगा। उसके बाद 20 अप्रैल को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश के साथ क्षेत्रीय कार्यालय पर विरोध किया जाएगा। इसके अलावा 27 अप्रैल को अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

### गर्मी में राहत देने शहर में ओडिशा का तरबूज

**जगदलपुर।** भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए सीमावर्ती राज्य ओड़िशा के मालकानगिरी से तरबूज शहर में पहुंचा। यह तरबूज साप्ताहिक बाजार सहित शहर के विभिन्न चौकों में बिक रहा है। खरीददारों ने बताया कि गर्मी में तरबूज खाने से गले में राहत मिलती है, इसीलिए साप्ताहिक बाजार के साथ-साथ शहर के चौकों में तरबूज बिक रहा है। इसके अलावा बाजार में सबसे कम दर में टमाटर मिल रहा है, बताया जा रहा है कि स्थानीय टमाटर आंध्रप्रदेश भेजा रहा है। वहीं शहर के बाजार में इस रविवार को टमाटर 8-10, तरबूज 60-80, परवल 60, मटर 40-50, करेला 60, पत्तागोभी 20, फूलगोभी 50, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 30, गंवरफल्ली 30, सेम 60 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है।

# लाखों रुपए का गांजा जब्त अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ओडिशा से गांजा लेकर मध्यप्रदेश जा रहे तस्कर को ओडिशा बार्डर में नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे 5 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। जिसका बाजार मूल्य लाखों रुपए बताया जा रहा है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

- ओडिशा बार्डर में बस का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

गांजा तस्करी की सूचना पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि कि एक व्यक्ति फारेस्ट नाका धनपुंजी के पास दो पिट्ठू बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने बस का इंतजार करते खड़ा है। सूचना पर तत्काल टीम ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 में पहुंची जहां बस का इंतजार कर रहे एक आदमी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रवीण राजपूत 23 वर्ष निवासी भानपुर थाना रामपाईली जिला बालाघाट मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। मौके पर आरोपी के कब्जे 5 पैकेट में रखा कुल 5.265 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 2 लाख 63 हजार 250 रूपए आंका गया है इसके अलावा एक मोबाइल व नकद 1730 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक रमेश पासवान, कृष्णा भारती, आरक्षक दशरू नाग, राधाकृष्ण राय व सैनिक जगन्नाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 16.5 किलो पैंगोलिन छाल के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



डीआरआई की नागपुर यूनिट की सूचना पर वन विभाग ने शहर के होटल पार्थ इन पैलेस कुम्हारपारा में एक संगठित तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर, पेंगोलीन छाल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार निवासी आदित्य कुमार, हर्षवर्धन एवं जगदलपुर निवासी यतीश्वर राव के कब्जे से पेंगोलीन छाल 16.5 किलो, एक स्प्लेंडर मोटर साइकिल जब्त किया। पेंगोलीन छाल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी कीमत बताई जा रही है। तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को केन्द्रीय जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में एसडीओ योगेश कुमार रात्रे के नेतृत्व में जगदलपुर परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, उड़नदस्ता टीम के सदस्य, जगदलपुर रेंज के स्टाफ की अहम भूमिका रही। पैंगोलिन को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में शामिल किया गया है। डीआरआई ने बताया कि वर्ष 2025 से अब तक उन्होंने देशभर में कई बड़े वन्यजीव तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। इनमें उज्जैन में तेंदुए की खाल तस्करी गिरोह सिवनी में बाघ शावक की हत्या और अंगों की तस्करी शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के पिलेरु में पैंगोलिन शल्क तस्करी नेटवर्क इन कार्रवाई से स्पष्ट है कि वन्यजीव अपराधों के खिलाफ एजेंसियां लगातार सख्त रुख अपना रही हैं।

- तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेजा

**नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी**

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी एवं वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है। इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। यह कार्रवाई वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

## नाबालिग से गैंगरेप, अपचारी बालक सहित पांच आरोपी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में बीती रात नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज होते ही इसमें संलिप्त एक अपचारी बालक समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि 11 अप्रैल की रात थाना भैरमगढ़ क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका को उसके पूर्व से परिचित व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के साथ बहला फुसलाकर सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म करने की घटना हुई है। मामले में भैरमगढ़ थाना में बीएनएस व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि घटना में पीड़ित बालिका के पूर्व से परिचित चार अन्य व्यक्तियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। मामले में ▶▶| शेष पेज 10 पर

- बहला फुसलाकर ले गए सुनसान जगह में और की वारदात



## योजनाओं का लाभ लेने वाले ग्रामीण हितग्राहियों का किया गया सम्मान

**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने लोहण्डीगुड़ा मण्डल के खरियागुड़ा में गांव और घर पहुंच अभियान में केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों और पार्टी के मूल सिद्धांतों से जनता को अवगत कराया। कार्यक्रम प्रभारी आनंद झा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए सरकार की लाभकारी योजनाओं को ▶▶| शेष पेज 10 पर

## महिला कांग्रेस ने साड़ी घोटाला और बढ़ते अपराध के लिए मांगा इस्तीफा

**जगदलपुर।** बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश की कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। महिला कांग्रेस ने दुर्ग में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया और प्रदेश में बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था को गंभीर बताया।

- गृहमंत्री और महिला बाल विकास मंत्री का फूंका पुतला



प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की साड़ियों में हुए भ्रष्टाचार पर ▶▶| शेष पेज 10 पर



# जयंती पर चौक का किया महात्मा ज्योतिबा फुले नामकरण, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

**समाज सुधार के उनके संघर्ष व योगदान को किया याद, सहभागिता से कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर शहर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दैनिक सब्जी पसारा, कनेरा रोड स्थित मुख्य चौराहे का नामकरण महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं सावित्रीबाई फुले चौक के रूप में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धंसराज टंडन ने की।

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उनके जीवन संघर्ष और योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि फुले जी सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने दलित, पिछड़ों और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन अन्याय और भेदभाव के खिलाफ समर्पित रहा। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह चौक आने वाली पीढ़ी को सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व की प्रेरणा देगा। महापुरुषों के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का यह सार्थक प्रयास है





### ये रहे उपस्थित –

कार्यक्रम में सी.एल. मेश्राम, प्रेम सिंह नाग, एम.डी. बघेल, पी.एल. ठाकरे, रमाकांत महाजन, बजरंग कुलदीप, प्रदीप सागर, बुद्धूराम नाग, मंसाराम, चवन वर्मा, तरुण नाग, श्रीमती पटेल, लखराज टंडन, पाटिल सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। कोंडागांव में आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

### सावित्रीबाई फुले को भी किया गया नमन

कार्यक्रम में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को भी याद किया गया। उन्होंने 1848 में बालिकाओं के लिए पहला विद्यालय शुरू किया था। उन्हें महिला एवं दलित शिक्षा आंदोलन की अग्रदूत माना जाता है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने नवोदय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव**। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने बड़ेकनेरा रोड स्थित नवनिर्मित जवाहर नवोदय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अकादमिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यों को जल्द पूरा कर नए भवन में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ की जाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक पर्यटन स्थल तिरिया में कयाकिंग शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह

**जगदलपुर**। प्राकृतिक पर्यटन स्थल ग्राम तिरिया में कयाकिंग गतिविधि का शुभारंभ किया गया। यह पहल पर्यटन से प्राप्त धनराशि एवं एट्री संस्था के सहयोग से संभव हुई, जिसके तहत आवश्यक सामग्री की खरीद कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और सभी ने कयाकिंग का आनंद लिया।

### फ्री ट्रेनिंग और नेशनल मंच मिलने से नौकरी का रास्ता बन रहा

# जल क्रीड़ा में चमकेगा बस्तर, कयाकिंग कैनोइंग में अब भविष्य तलाश रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी अब सिर्फ जीवन नहीं दे रही बल्कि भविष्य गढ़ रही है। पुराना पुल क्षेत्र में इन दिनों ओलंपिक खेल कयाकिंग-कैनोइंग का प्रशिक्षण पूरे जोश और जुनून के साथ संचालित हो रहा है। जहां लहरों को चीरते खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का सपना साकार कर रहे हैं।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से चल रहे इस प्रशिक्षण में सुबह 6 से 8 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। अनुभवी कोच के मार्गदर्शन में खिलाड़ी तकनीकी दक्षता, संतुलन, फिटनेस और सुरक्षा के उच्च मानकों पर खुद को तैयार कर रहे हैं।

कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में यह पहल युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। घाट किनारे स्थानीय बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। तैराकी में दक्ष ये बच्चे अब कयाकिंग-कैनोइंग में पारंगत हो रहे हैं। आने वाले समय में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बस्तर का परचम लहराने को तैयार हैं।

बस्तर के खिलाड़ियों ने पहले ही हैदराबाद के हुसैन सागर, भोपाल, टिहरी और जम्मू-कश्मीर जैसे राष्ट्रीय मंचों पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। मई माह में रायपुर में होने वाली जूनियर नेशनल प्रतियोगिता को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सप्ताह में दो दिन इंदिरा प्रदर्शनी स्टेडियम के जिम में खिलाड़ियों की ताकत और सहनशक्ति को धार दी जा रही है। इस खेल ने रोजगार के नए द्वार भी खोले हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को आईटीबीपी और बीएसएफ जैसी सेवाओं में नौकरी मिली है। जिससे यह खेल अब सिर्फ जुनून नहीं बल्कि करियर का मजबूत विकल्प बनता जा रहा है। तैरना जानने वाले युवाओं के लिए यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और नए खिलाड़ियों का पंजीयन शुरू हो चुका है। हायर सेकेंडरी परीक्षाओं के बाद का यह समय युवाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। जहां वे अपने खाली समय का उपयोग कर खेल में भविष्य बना सकते हैं।





### इंद्रावती की लहरों में दौड़ रहे सपने

बस्तर के युवा अब तेजी से जल क्रीड़ा की ओर बढ़ रहे हैं। इंद्रावती की लहरों पर अब सिर्फ नाव नहीं, बल्कि सपने दौड़ रहे हैं। ऐसे सपने जो बस्तर को देश और दुनिया के खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की ताकत रखते हैं।

### बस्तर से निकलेगा चैंपियन

इंद्रावती नदी में शुरू हुआ कयाकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षण बस्तर के लिए गेम चेंजर साबित हो रहा है। जहां एक ओर यह खेल युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और आत्मविश्वास दे रहा है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, नेशनल सर्टिफिकेट और सुरक्षा बलों में नौकरी के अवसर भी खोल रहा है। आने वाले नेशनल गेम्स 2027 मेघालय और 2028 रायपुर को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों की तैयारी यह संकेत दे रही है कि अब बस्तर सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं के गढ़ के रूप में भी पहचाना जाएगा।

# आत्मानंद स्कूल जमकोटपारा में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत आत्मानंद स्कूल, जमकोट पारा में जनगणना का प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के चयनित अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश, तकनीकी जानकारी एवं प्रक्रिया से अवगत कराना है। प्रशिक्षण में घर–घर सर्वेक्षण, डेटा संकलन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा जनसंख्या संबंधी सूचनाओं के सही संकलन की विधि विस्तार से समझाई जा रही है। प्रशिक्षण को दो चरणों में विभाजित किया गया है प्रथम चरण 11 अप्रैल से 13 अप्रैल, द्वितीय चरण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल द्वितीय चरण में भी शेष कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर जनगणना कार्य को सुचारू एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया जाएगा।

■ 15 से 17 अप्रैल तक द्वितीय चरण का आयोजन

### सुव्यवस्थित और पारदर्शी होगा

प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जिले में जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। प्रशासन को उम्मीद है कि प्रशिक्षित कर्मचारी इस राष्ट्रीय दायित्व को सफलतापूर्वक निभाएंगे। आत्मानंद स्कूल जमकोट पारा में शुरू हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना 2027 की मजबूत नींव साबित होगा।

### विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही जानकारी

प्रशिक्षण में अनुभवी अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। इसमें फॉर्म भरने की प्रक्रिया, डेटा की गोपनीयता, समय–सीमा का पालन तथा त्रुटि रहित कार्य करने पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार होती है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह पूरी गंभीरता और ईमानदारी से कार्य करें।

# बस स्टैंड में चला स्वच्छता अभियान, पूर्व सैनिकों और युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा रविवार को अंतर्राज्यीय बस स्टैंड परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पूर्व सैनिकों के साथ निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने बस स्टैंड परिसर में झाड़ू लगाकर व्यापक साफ–सफाई की। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाने का संदेश भी दिया गया। अभियान के बाद सभी ने मिलकर स्वच्छ भारत, सुंदर भारत और स्वच्छ कोंडागांव, सुंदर कोंडागांव के नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का आह्वान किया।

### हर सप्ताह चलाया जा रहा अभियान –

परिषद द्वारा बताया गया कि नगर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से चलाया जा रहा है, जिसमें आम नागरिकों की सहभागिता भी बढ़ रही है।

### ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित –

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, सदस्य श्रीकांत तिवारी, नगर पालिका परिषद कोंडागांव के एसडीओ बृजेश श्रीवास्तव, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में युवक–युवतियां मौजूद रहे।

# अधिनियम से महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी : उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से बढ़ेगी। सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने

इस अधिनियम को ऐतिहासिक बताते कहा कि अब तक महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखा जाता रहा। इस पहल से वास्तविक अधिकार और निर्णय लेने की ताकत मिलेगी। यह कानून केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि महिलाओं की भागीदारी नीति निर्माण के हर स्तर पर सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा 2029 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए इस अधिनियम को लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जब बड़ी संख्या में महिलाएं सदन में पहुंचेंगी तो नीति निर्माण में संवेदनशीलता और संतुलन आएगा। जिससे देश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा सरकार की अन्य योजनाएं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। आज महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं बल्कि नीति निर्धारक के रूप में उभर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम मातृशक्ति के भाग्य और भविष्य को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक फैसला है। जो आने वाले समय में व्यापक परिवर्तन लेकर आएगा।



### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रमशीला नाग, प्रदेश मंत्री अन्तिवेग, वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पाणिग्राही, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, ममता राणा, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, बिजली बैद्य, पूनम सिन्हा, डाकेश्वरी पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता सम्मलित थी।

## पेज 9 के शेष

### नाबालिग से गैंगरेप, अपचारी...

शामिल चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है वहीं विधि से संघर्षरत बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है। मामले में गैंगरेप में शामिल आरोपी अंकित परबुलिया, लक्ष्मीनाथ लेकाम, सुनील परबुलिया, जातवेद मोड़ियाम व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**आरोपी पकड़े गएः एसपी :** एसपी ने बताया कि दुष्कर्म घटना के संदर्भ में जल्द ही विधिक कार्रवाई पूर्ण कर सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर तथा विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। वहीं दुष्कर्म पीड़िता का अस्पताल में उपचार जारी है।

### योजनाओं का लाभ लेने...

बताया। योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान करते हुए उन्हें अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, आयुष्मान, उज्जवला गैस योजना सहित अन्य योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को माला पहनाकर सम्मान किया गया।

**नक्सलवाद समाप्ति पर खुशी की लहर :** नेताओं ने कहा, नक्सल मुक्त बस्तर अब एक नया आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान रमेश नायडू, सावेंद्र सेठिया, भरत कश्यप, डोमुराम कश्यप, बुतकी बाई कश्यप, लखन ठाकुर, विकेश रंगारी, तुलाराम सेठिया, झितरु कश्यप सहित अन्य मौजूद थे।

### महिला कांग्रेस ने साड़ी...

नाराजगी जताई। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की उदासीनता के चलते महिलाओं के सम्मान और अधिकारों पर खतरा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में शामिल महिला कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान शहर अध्यक्ष लता निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष चंपा ठाकुर उपस्थित रहे।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और सहभागिता पर केंद्रित रहा कार्यक्रम**

# कमेला में अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार में 5 वीं के बच्चों को दी गई विदाई व बांटा जाति प्रमाणपत्र

**कोण्डागांव**। विकासखंड अंतर्गत संकुल कमेला के शासकीय प्राथमिक शाला में अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालवाड़ी के बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधि आधारित काउंटर लगाए गए, जहां बच्चों ने सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक तरीके से अनुभव किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को घर और आंगन के वातावरण में सहज, सरल और आनंदपूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना रहा। इसमें विशेष रूप से माताओं और अभिभावकों की भागीदारी पर जोर दिया गया, ताकि वे बच्चों के सीखने में सहयोगी बन सकें। बच्चों को स्वच्छता की आदत विकसित करने के लिए साफ–सुथरे यूनिफॉर्म के महत्व को बताया गया।

साथ ही गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ओआरएस, नारियल पानी और नींबू पानी के उपयोग की जानकारी दी गई। घरों में आयोजित होने वाले समर कैंप की जिम्मेदारी स्मार्ट माताओं को सौंपी गई।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच कामदेव कश्यप, संकुल प्राचार्य तिलक राम मंडावी, गौतम राम पांडे, दीपचंद पांडे, चेतमन बैध एवं लखेश्वर नेताम उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही विकास का आधार है। परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कक्षा पांचवीं के छात्र–छात्राओं के लिए विदाई सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने "क्या खोया क्या पाया" विषय पर अपने अनुभव साझा किए, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक बन गया। कार्यक्रम के दौरान 16 छात्र–छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, जिससे उन्हें आगे की शिक्षा में सुविधा मिलेगी।

**शिक्षकों व सहयोगियों का रहा योगदान** – कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका रोशनी, मिलन बैध, सिरवती पांडे, बुधराम नेताम, रितेश, वीरेंद्र ठाकुर, सतीश दीपक, अविनाश, मदन, अमृतलाल, अरुणा सिन्हा, तरुणी पटेल, तुलसी भोई, कामिनी, गायत्री और रुक्मणि का विशेष योगदान रहा। कमेला में आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

### बैल से बाइक की भिड़ंत चालक समेत दो घायल

**कांकेर**। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कुड़ाल के पास बाइक गिरकर मौत होने के प्रकरण में पुलिस ने मर्ग किया था। मृतक मुकेश कुमार दर्रो 5 मार्च को सुबह मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 9567 में इंदु कोरचे के साथ रंग गुलाल खरीदने ग्राम भानबेड़ा जा रहे थे। मोटर सायकल को मुकेश कुमार दर्रो चला रहा था। मुकेश कुमार दर्रो द्वारा स्वंय मोटर सायकल को तेजगति व लापरवाही पूर्वक उपेक्षापूर्ण चलाते हुए ग्राम कुड़ाल के पास रोड़ पर बैल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।


**AKTA SNATAK MAHAVIDYALAY**

**Recruitment For Proposed UG & Diploma Course**

Course- BA | B.Com | BSc.(Mathes & Bio) PGDCA | DCA

Village - Dongriguda (Kidaichhepda) Post-Palari, Tahasil - kondagaon

Dist - kondagaon Pin code 494226 | Mobi - 9826108833,7828230003 | email- akta_sss@yahoo.com

| S.No. | Number and Name of the Post | Minimum Qualification | Pay Scale |
|---|---|---|---|
| 1 | 1- Principal | Qualification as per UGC Regulation 2018 | As per UGC/CG Govt. norms |
| 2 | Asst. Prof. 2- Commerce, 2- Computer Science, 1 - Chemistry, 1- Physics, 1- Zoology, 1-Botany, 1- Maths | | |
| 3 | Arts 1- Political Science, 1- English, 1- Hindi Literature, 1- History, 1- Economics, 1- Geography, 1- Sociology | | |
| 4 | 1- Computer Operator | | |
| 5 | 1- Sports Officer | | |
| 6 | 1- Librarian | | |
| 7 | 1-UDC | | |
| 8 | 1-LDC | | |
| 9 | 1- Accountant | | |
| 10 | 5- Lab Attendant | | |
| 11 | 2- Peon | | |

Note : Interested Candidates can send their biodata with all necessary enclosures to the above mentioned address through speedpost / email within 15 days

## खबर संक्षेप

### बीजेपी शासन में नक्सली खत्म, पुलिस का आतंक चालू

**गीदम।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह सवालों के घेरे में आ गई है। एक ओर भाजपा



नक्सलवाद खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में पुलिस तंत्र के माध्यम से भय और आतंक का माहौल बनता नजर आ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम के अध्यक्ष अनिल कर्मा ने कहा कि नक्सली खत्म करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार के राज में अब पुलिस का आतंक तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनप्रतिनिधि करण तामो की गाड़ी को थाने में लाने के बाद भी उसी थाने के अंदर उसकी तोड़फोड़ होना बेहद शर्मनाक और गंभीर घटना है। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अब थाने जैसी जगह भी सुरक्षित नहीं रह गई है।

### कासोली करसाड़ मेला कल

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला करसाड़ का आयोजन



14 अप्रैल को हो रहा है। जिसमें दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर एवं बीजापुर के देवी देवता तथा नागरिकों का जमावड़ा रहता है। इस वर्ष भी ग्राम कासोली में आयोजन किया गया है जिसमें इस वर्ष मीना बाजार, आकाश झूला तथा बच्चों के झूले भी लगे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेश अटामी ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि ग्राम कासोली में आकर मेले का आनंद ले। मेले में आदिवासी संस्कृति का विशेष रूप से समागम रहता है तथा रीति रिवाज आदि की झलक देखने को मिलेगी।

# विधायक ने पंचायतों में की सहभागिता, विकास व जनसमस्याओं पर संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पारंपरिक बाली मेला पर्व के अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता

■ कोदई गुड़ीन माता की पूजा-अर्चना कर ग्रामवासियों के सुखद भविष्य की कामना

निभाई। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए जनसमस्याओं पर भी गंभीरता से संज्ञान लिया। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत तालुर पहुंचे जहां उन्होंने माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की इसके पश्चात वे बोरीगांव के आश्रित ग्राम कुरलुमारी पहुंचे, जहां नवनिर्मित सांस्कृतिक रंगमंच का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कोदई गुड़ीन माता की पूजा-अर्चना कर ग्रामवासियों के सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों की मांग पर विधायक मंदिर प्रांगण में बाउंड्रीवॉल निर्माण हेतु 6 लाख रुपये की घोषणा की। वहीं गांव की महिलाओं द्वारा पानी बिजली एवं राशन जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराए जाने पर उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित करते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हुआ तो वे स्वयं

**बस्तर में बाली मेला की धूम**



ग्रामवासियों के साथ संबंधित कार्यालय का घेराव करेंगे। बस्तर का प्रमुख पारंपरिक पर्व बाली मेला इस वर्ष भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से देवी-देवताओं की झांकियां एवं डोलियां मेला स्थल पर पहुंचीं इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। विधायक ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासियों के आमंत्रण पर शामिल होकर पारंपरिक रीति-नीति से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। बस्तर क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं से उनका विशेष जुड़ाव देखा जाता है। स्थानीय जन मान्यता के अनुसार वे गिरोला स्थित माता हिंगलाजिन के प्रमुख पुजारी होने का गौरव भी रखते हैं । बस्तर अंचल में माता हिंगलाजिन को कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है मान्यता है कि प्राचीन काल में सिंध पाकिस्तान से आए लोगों द्वारा इस देवी की स्थापना यहां की गई थी। यह स्थल बलूचिस्तान स्थित प्रसिद्ध हिंगलाज शक्तिपीठ के समान ही श्रद्धा और आस्था का केंद्र माना जाता है तथा इसे सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। तत्पश्चात महुपाल बरई में आयोजित बाली मेला में भी शामिल हुए, जहां उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मंदिर प्रांगण में पहुंचकर देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रार्थना की मेला स्थल पर उन्होंने आमजन से भेंट-मुलाकात कर उन्हें बाली मेला पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मानसिंह कवासी, गोपाल कश्यप, हेमराज बघेल, सत्येंद्र गागड़ा, सुरेंद्र बघेल, चैनु बघेल, राम चंद्राकर, लक्ष्मण बघेल, सुकनदई नाग, मोतीराम चंद्राकर, नित्या चंद्राकर, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, ईश्वर गागड़ा, जागेश कश्यप एवं समस्त ग्रामवासी माता बहनें समाज प्रमुख एवं कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## नक्सल मुक्त पंचायतों को विकास कार्यों के लिए दें 1 करोड़

# फर्जी नक्सल प्रकरणों में जेल में बंद आदिवासियों को रिहा करे सरकारः हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शासन द्वारा यह बताया जा रहा है कि नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। अतः जो सरेंडर नक्सली पूर्व में बड़े-बड़े घटनाओं में शामिल रहे हैं, परंतु वर्तमान में सुधार की दिशा में हैं एवं फर्जी नक्सल प्रकरणों में जेल में अनेक निर्दोष आदिवासी आज भी वर्षों से जेल में बंद हैं एवं उनके विरुद्ध प्रकरण लंबित है, जो न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। अतः ऐसे सभी आदिवासियों की निःशर्त एवं शीघ्र रिहाई सुनिश्चित की जाए। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश कवासी लखमा ने प्रेसवार्ता के दौरान कही।

■ नगद भुगतान की हो व्यवस्था

नक्सल उन्मूलन, सरेंडर नक्सलियों की रिहाई, पंचायतों को बजट आबंटन एवं वनोपज खरीदी संबंधी मांगों के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस' कर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश कवासी लखमा ने इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की जरूरत बताई। नक्सल मुक्त जिला घोषित होने के




पश्चात 1 करोड़ की राशि प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रदान किए जाने की बात कही गई है। सुकमा जिले की सभी ग्राम पंचायतों को उक्त बजट का शीघ्र आबंटन सुनिश्चित किया जाए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि जिला मुख्यालय सुकमा में प्रथम बार मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम शिलान्यास अन्य विकास कार्यों का दौरा कार्यक्रम, नक्सली मुक्त जिला घोषित हो जाने के बाद, हम उनका स्वागत करेंगे जब मंच से आदिवासियों की निःशर्त एवं शीघ्र रिहाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री के 13 अप्रैल को सुकमा प्रवास के दौरान 326 करोड़ के शिलान्यास प्रस्तावित है। इसमें से 153 करोड़ की राशि क्या ग्राम पंचायतों के लिए निर्धारित है। इस संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आनी चाहिऐ।

### निर्दोषों का मिले न्याय

हरीश ने कहा कि शासन द्वारा यह बताया जा रहा है कि नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। अतः जो सरेंडर नक्सली पूर्व में बड़े-बड़े घटनाओं में शामिल रहे हैं, परंतु वर्तमान में सुधार की दिशा में हैं एवं फर्जी नक्सल प्रकरणों में जेल में अनेक निर्दोष आदिवासी आज भी वर्षों से जेल में बंद हैं एवं उनके विरुद्ध प्रकरण लंबित है, जो न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। अतः ऐसे सभी आदिवासियों की निःशर्त एवं शीघ्र रिहाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### 15 दिनों तक खरीदी का लक्ष्य पूर्ण हो

हरीश लखमा कवासी ने कहा कि वनोपज आधारित आजीविका के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र के अनुसार 15 दिनों तक खरीदी का लक्ष्य पूर्ण होने के पश्चात खरीदी एवं विक्रय का अधिकार ग्राम पंचायतों को प्रदान किया जाए। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की कमी एवं लोगों में बैंकिंग जानकारी के अभाव को देखते हुए पारदर्शिता के साथ नगद भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## सालूर घाटी की तर्ज पर सुधर सकती हैं केशकाल घाट की ट्रैफिक व्यवस्था : बाफना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के प्रवेश द्वार केशकाल घाट में लौह अयस्क परिवहन करने वाले व अन्य बड़े भारी वाहनों के कारण उत्पन्न हो रही ट्रैफिक समस्या के स्थायी निराकरण हेतु पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक मांग पत्र प्रेषित किया है। पत्र में नारायणपुर, रावघाट, बैलाडीला और जगदलपुर नगरनार इस्पात संयंत्र से आने वाले ट्रकों की वजह से घंटों जाम से आम जनता को निजात दिलाने ठोस कदम उठाने की मांग की गई है।



जारी बयान में उन्होंने बताया कि केशकाल घाट में लगाने वाले जाम की समस्या गंभीर है । पुलिस जवानों को पूरी रात वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है जिससे उनकी कार्यक्षमता और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के सालूर घाटी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने लागू किये गए मॉडल का हवाला देते हुए कहा है कि सालूर घाटी में भी केशकाल घाट जैसी ही भौगोलिक चुनौतियां थीं। वहां प्रशासन ने यातायात के दबाव को कम करने के लिए भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही को रात्रि के समय पूर्णतः प्रतिबंधित किया था। जिससे दिन के समय यात्री बसों और निजी वाहनों का आवागमन सुगम हो सका। इसलिए केशकाल घाट में भी भारी वाहनों की आवाजाही के लिए समय-सीमा का निर्धारण कर रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित कर सालूर घाटी की तर्ज पर व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। ताकि यातायात व्यवस्था को सफलतापूर्वक सुचारू बनाया जा सके।

### पार्किंग शेड और मूलभूत सुविधाएं हो

प्रतिबंधित समय के दौरान मालवाहक वाहनों को व्यवस्थित रखने के लिए केशकाल क्षेत्र के समीप 2 से 3 स्थानों को चिन्हांकित किया जाना चाहिए। इन निर्धारित स्थलों पर बड़े वाहनों को खड़ा करने के लिए पर्याप्त पार्किंग शेड और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाए, ताकि सड़क पर अव्यवस्था न फैले। बाफना ने मुख्यमंत्री से बस्तर की जीवन रेखा माने जाने वाले इस मार्ग की संवेदनशीलता को देखते हुए सालूर घाटी जैसा मॉडल त्वरित लागू करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित करने की मांग की है । इससे केशकाल घाट पर आवागमन सुगम हो सकेगा।

# हिंदी साहित्य जगत में गौरव का क्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और साहित्यिक धरती के लिए यह अत्यंत गौरव का अवसर है कि प्रदेश के अंतिम छोर ग्राम इंजरम कोंटा में जन्मी तथा वर्ष 1982 से जगदलपुर को अपनी कर्मभूमि बनाने वाली प्रतिष्ठित कवयित्री नवनीत कमल की पांच महत्वपूर्ण साहित्यिक कृतियों का लोकार्पण आगामी 3 मई को जगदलपुर में समारोह के मध्य किया जाएगा। यह आयोजन न केवल उनके दीर्घ साहित्यिक अवदान का उत्सव होगा, बल्कि हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति उनके समर्पण का भी अभिनंदन होगा। लोकार्पित होने वाली कृतियों में स्मृतियों का मृग (काव्य संग्रह), एक नदी सा मन (गीत संग्रह), ताड़वनों के बीच (दोहा संग्रह), रोशनी से भर गया मन (गीतिका संग्रह) तथा हाल ही में प्रकाशित पद्म पयोधि (खंडकाव्य) शामिल हैं। इन पांचों पुस्तकों में संवेदना, विचार और जीवनानुभवों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। समारोह में साहित्य जगत के वरिष्ठ विद्वान, समीक्षक और प्रबुद्धजन नवनीत कमल के समग्र साहित्य पर अपने विचार रखेंगे तथा उनकी रचनाधर्मिता के विविध आयामों पर विमर्श करेंगे। नवनीत कमल ने 28 फरवरी को शासकीय सेवा में व्याख्याता पद से सेवानिवृत्ति प्राप्त की। शिक्षण सेवा के लंबे और समर्पित जीवन के बाद उन्होंने साहित्य



साधना को और अधिक गति दी है। उनके व्यक्तित्व में शिक्षिका की गंभीरता, साहित्यकार की संवेदना और समाजचिंतक की दृष्टि का सुंदर संगम दिखाई देता है।

उनकी रचनाओं की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उनमें प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गहरी आत्मीयता, सामाजिक विसंगतियों के प्रति सजग दृष्टि, प्रेम-विरह की कोमल अनुभूतियाँ तथा समकालीन जीवन के विविध प्रश्न अत्यंत प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त होते हैं। उनका लेखन केवल शब्दों का विन्यास नहीं, बल्कि समाज और समय के प्रति उनकी सजग चेतना का जीवंत दस्तावेज है।

मातृभाषा तेलुगु होने के बावजूद हिंदी भाषा पर उनकी असाधारण पकड़ उनकी साहित्यिक प्रतिभा का प्रमाण है। उन्होंने हिंदी को केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसके प्रचार-प्रसार और संवर्धन को जीवन का ध्येय माना।

### नन्हे सितारे कार्यक्रम में बच्चों का सम्मान



**भोंड।** शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय नन्हे सितारे कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा। जिसमें जिले के सभी ब्लॉक से चयनित बच्चों विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। जिसमें सभी बच्चों के मार्गदर्शक शिक्षक एवं बच्चों के पालक आमंत्रित थे। जिसमें बकावंड ब्लॉक के प्राथमिक शाला साहूकारपारा बोरपदर के चयनित 8 बच्चों ने जिला में विभिन्न स्पर्धा में भाग लिए और कहानी वाचन के क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। जिले के सभी 133 बच्चों और सभी शिक्षकों को कलेक्टर आकाश छिकारा ने सम्मान किया।

# चित्रकोट में अंबेडकर जयंती पर 5 किमी मैराथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत चित्रकोट के सरपंच भंवर मौर्य के नेतृत्व में समानता के लिए दौड़ो – अंबेडकर के लिए दौड़ो 5 किलोमीटर मिनी मैराथन का आयोजन उत्साहपूर्वक

■ 300 प्रतिभागियों ने दिया समानता का संदेश

संपन्न हुआ। दौड़ एसटीएफ चौक लामड़ागुड़ा से प्रारंभ होकर अंबेडकर प्रतिमा चित्रकोट तक आयोजित की गई।

इस आयोजन में लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समानता, एकता और संविधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। प्रतियोगिता



में पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए अलग-अलग श्रेणियां रखी गईं, जिसमें दोनों वर्गों में प्रथम से दसवें स्थान तक विजेताओं का चयन किया गया। पुरुष वर्ग में शंभू प्रथम, श्रीधर द्वितीय और शांतू तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रमिला मंडावी ने प्रथम, बसंती मंडावी ने द्वितीय तथा सुबली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्गों के शीर्ष दस प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य मालती बैज, पूर्व जनपद सदस्य जयंती यादव, पूर्व जनपद सदस्य प्रेमवती बाकडे, उपसरपंच छोटू राम बघेल, आयोजन समिति अध्यक्ष प्रशांत कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों में सुखदेव मौर्य, जग्गू नागेश, लच्छू कश्यप, लम्बोदर पटेल, रामू कश्यप, चंद्र मंडावी, सुजेता मांझी, मुन्ना नेरकर, अमित साहू, समलू, सोहन सहित कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा, वहीं ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सरपंच भंवर मौर्य ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह मैराथन समानता, न्याय और अधिकार के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और संविधान के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया तथा सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### बस्तर में जनगणना प्रशिक्षण का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**बस्तर/ भोण्ड।** बस्तर तहसील मुख्यालय में चल रहे प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण के दूसरे दिन जनगणना के राज्य अधिकारी संतोष मेढ़े एवं जिला चार्ज अधिकारी सुश्री हीरा गर्वना ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों से संवाद कर प्रशिक्षण की प्रगति जानी और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रतिभागियों की समझ और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने प्रगणकों से सीधे प्रश्न पूछकर उनकी तैयारी को परखा और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान तहसील चार्ज अधिकारी जॉली जेम्स निरंतर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करती रहीं। उन्होंने सुनिश्चित किया कि कोई भी प्रगणक या पर्यवेक्षक किसी जानकारी से वंचित न रहे। प्रशिक्षण को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए उनकी सक्रिय भूमिका देखने को मिली। प्रथम दिवस में सिखाए गए विषयों की समझ को परखने के लिए प्रश्नावली का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पूरी प्रक्रिया पर तहसील चार्ज अधिकारी विशेष रूप से नजर बनाए हुए थीं।

# बस्तर की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक थे बली दादाः कांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा नगर में पूर्व बस्तर सांसद बस्तर माटी पुत्र स्व. बलिराम कश्यप की स्मृति में मूर्ति स्थापना किए जाने को लेकर पार्षद कांता राठी ने सामान्य सभा की बैठक व उससे पूर्व अध्यक्ष तथा सीएमओ को ज्ञापन की कॉपी देकर इस पर त्वरीत कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

सुकमा नगरपालिका में दादा स्व बलीराम कश्यप की प्रतिमा लगाये जाने को लेकर वार्ड क्रं. 13 की पार्षद कांता राठी ने नगरपालिका अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम व सीएमओ हुंगाराम गोंदे को ज्ञापन सौंप कर इस दिशा में तत्काल कार्यवाही करने का आग्रह किया है। इस मामले को लेकर सामान्य सभा की बैठक में भी प्रस्ताव लाया गया।

पार्षद कांता राठी ने सौंपे गये ज्ञापन में कहा कि सुकमा नगर एवं सम्पूर्ण बस्तर अंचल के विकास, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा के प्रतीक रहे पूर्व सांसद स्व. बलिराम कश्यप की स्मृति में सुकमा नगर के किसी प्रमुख स्थल चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जाना





अत्यंत आवश्यक एवं जनभावनाओं के अनुरूप है। स्व. बलीराम कश्यप बस्तर की माटी से जुड़े ऐसे जननेता थे जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन आदिवासी समाज, ग्रामीण उत्थान और क्षेत्रीय विकास के लिए समर्पित कर दिया।

### राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

श्रीमती राठी ने बताया कि दादा बलीराम कश्यप बस्तर क्षेत्र से कई बार सांसद निर्वाचित हुए तथा संसद भवन में बस्तर की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। सरल स्वभाव, निष्कलंक छवि और समर्पित नेतृत्व के कारण वे जन-जन के हृदय में आज भी आदरपूर्वक स्मरण किए जाते हैं। उन्होंने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं संचार सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशेषकर वनाँचल दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की मुख्यधारा पहुंचाने हेतु उनके प्रयास सराहनीय रहे। बस्तर के आदिवासी समुदाय को राजनीतिक मुख्यधारा से जोड़ने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। वे केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि बस्तर की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक थे।

आज जब सुकमा सहित पूरा बस्तर विकास की नई दिशा में अग्रसर है, ऐसे में स्वर्गीय बलिराम कश्यप जी की प्रतिमा स्थापना से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी तथा क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी परिचित होगी। यह कार्य न केवल एक महान जननायक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि सामाजिक एकता और सकारात्मक सोच को भी सुदृढ़ करेगा।

### बूथ चलो अभियान में ग्रामीणों को दी गईं योजनाओं की जानकारी



**बस्तर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर द्वारा 'बूथ चलो अभियान' के अंतर्गत आज बस्तर विधानसभा के संघकरमरी शक्तिकेन्द्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा सदस्यों द्वारा ग्रामीणों से स्नेहपूर्ण संवाद किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। योजनाओं के लाभ, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया को लेकर भी लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर बूथ चलो अभियान के करपावंड मंडल प्रभारी सत्यम झा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, मंडल अध्यक्ष तरुण पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष मेगनाथ नाग सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे। पदाधिकारियों ने कहा कि बूथ चलो अभियान का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और प्रत्येक परिवार तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है।

## गमावड़ा में जुटी भाजपा, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली/दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी गांव चलो अभियान के तहत आज ग्राम पंचायत गमावड़ा में भाजपा बचेली मंडल ने चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय नेताओं और मंडल के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनसे सीधा संवाद किया और शासन की योजनाओं की समीक्षा की।

अभियान के दौरान भाजपा नेताओं ने जनसंपर्क किया और ग्रामीणों को केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। नेताओं ने विशेष रूप से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात की और यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल रहा है या नहीं। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं, जैसे आंगनबाड़ी तथा तेंदू पत्ता संग्रहण भुगतान से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता



ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित पहल की जाएगी और संबंधित विभागों के माध्यम से इन्हें हल करवाया जाएगा। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान, जिला उपाध्यक्ष पिंटू राम उइके तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, महामंत्री सुदीप्ता शेखर मंडल, विधायक प्रतिनिधि निलेश पटले, पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन भास्कर, पूर्व महामंत्री मनोज सिंह, पार्षद धनसिंह नाग, मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल सहित राधा भास्कर, दिव्यो दुर्गा, शिप्रा बिस्वास, नरेंद्र सोनी, शिखा अधिकारी, अनिल, स्थानीय ग्राम सरपंच और कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### हाऊसिंग बोर्ड के अपरआयुक्त ने ठेकेदार को लगाई फटकार

# निर्माणाधीन हाई स्कूल का काम बंद होने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले के कोलेंग में हाई स्कूल के निमार्णाधीन कार्य को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहाँ स्कूल भवन का निर्माण काम लंबे समय से पूरी तरह से बंद पड़ा है। इस

- ठेकेदार ने कहा कार्य का भुगतान नहीं होने से काम बंद हुआ, भुगतान किया जाए



मामले की गंभीरता को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त ने मौके पर निरीक्षण किया और काम बंद मिलने पर संबंधित ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई, ठेकेदार को काम तुरंत शुरू करने की सख्त हिदायत दी। समय सीमा के भीतर काम पूरा न होने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करने और अनुबंधित राशि रोकने जैसी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी जाएगी। शुक्रवार को हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त द्वारा उपायुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं ठेकेदार की उपस्थिति में ग्राम कोलेंग में निर्माणाधीन हाईस्कूल भवन का निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन कार्य पूर्णतः बंद पाया गया। स्थल पर कुछ भवन निर्माण सामग्रियां पाई गई। कार्य की प्रगति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी 3 माह में कार्य पूर्ण करने का निर्देश किया गया। इस पर ठेकेदार ने बताया कि निर्माण कार्य का भुगतान नहीं हुआ है। मौके पर अपर आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता को शेष राशि के लिए मांग पत्र कलेक्टर को प्रेषित करने कहा, जिससे निर्धारित कार्य पूर्ण किया जा सके।

### 3 माह में पूरा करें काम

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि सरकार की गुणवत्ता और समय पर सरकारी काम पूरा करने की नीति के तहत की जा रही है। इसके तहत ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू कर 3 माह में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

गढ़िया पहुंचे भाजपा नेता

## सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की दी गई समझाइश



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी लोहण्डीगुड़ा मंडल में गांव चलो, गली चलो अभियान के तहत गढ़िया शक्ति केंद्र में पहुंच पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतु कश्यप और गढ़िया शक्ति केंद्र प्रभारी भरत कश्यप ने आमजन से मुलाकात की। उनके बीच सार्थक संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को सुना। साथ ही उनके द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए पात्र हितग्राहियों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान केवल योजनाओं के प्रचार तक सीमित नहीं है, बल्कि शासन और जनता के बीच सीधे जुड़ाव का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। गांव-गांव जाकर जनभावनाओं को समझने और विकास कार्यों को और प्रभावी बनाने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दौरान भाजपा जनपद पंचायत अध्यक्ष पदमा कश्यप, बोंजाराम मौर्य, सावेद्र सेठिया, निरंजन बघेल, ठिबू कश्यप, अजय बघेल, चेतन ग्वाल, अर्जून यादव,डमरू मण्डावी,लखन कश्यप, धनेश सेठ्ठी, सहित अन्य ग्रामवासियों उपस्थित थे।







